an>

Title: Need to release funds for projects in Maval and Pune Parliamentary Constituencies under Pradhan mantri Gram Sadak Yojana.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय अध्यक्ष महोदया, तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना दिसम्बर, 2000 में दुर्गम गांवों को सड़क से जोड़ने के लिए बनाई थी। इस योजना के अंतर्गत मौजूदा ग्रामीण सड़क विस्तार एवं नई सड़क बनाने सम्बन्धी योजना शामिल है। पिछले कई सालों से यह योजना देशभर के विभिन्न भागों में चल रही है, इससे देश के गांवों को शहरों से जोड़ने का काम भी प्रगति पर चल रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र मावल और पूना जिले में भी इस योजना के तहत काम चल रहा है, लेकिन कुछ महीनों से मावल संसदीय क्षेत्र और पूना में यह काम अचानक बंद हो गया है। जब मैंने इस बात का पता किया तो मुझे बताया गया कि संबंधित विभाग द्वारा ठेकेदारों का पैसा समय पर नहीं देने के कारण यह काम बंद हुआ है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूँगा कि सरकार इस संबंध में उचित निर्णय लेते हुए अतिशीघ्र प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत केन्द्र से पूना और मावल संसदीय क्षेत्र के लिए धनराशि मंजूर की जाए ताकि ये काम पुनः शुरू हो सकें।